उत्तराखण्ड पावर
कारपोरेशन लि०

# उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

## Uttarakhand Power Corporation Ltd.

(A. Govt. of Uttarakhand Undertaking)

CIN : U40109UR2001SGC025867

Email ID: edhr@upcl.org, Website: www.upcl.org

पत्रांक : /अधि0निदे0(मा0सं0)/उपाकालि/EDO दिनांक : 26/07/2025

विषय : कारपोरेशन में कार्यरत अधिकारियों/अधिकारिकों को स्वतंत्रता दिवस 2025 पर उनकी विशिष्ट उपलब्धियों/सेवाओ हेतु कारपोरेशन स्तर पर पुरस्कृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महत्वपूर्ण/समयबद्ध

निदेशक (परियोजना/परिचालन/वित्त)
समस्त मुख्य अभियंता (वितरण),
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
..........................................................
..........................................................

उपर्युक्त विषयक जैसा कि आप विदित हैं कि प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर कारपोरेशन स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से अधिकारियों/अधिकारिकों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों/कार्यों/सेवाओं के आधार पर पुरूस्कृत कर सम्मानित किया जाता है । इसी क्रम में इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस–2025 के शुभ अवसर पर कारपोरेशन के कर्मठ व निष्ठावान कार्मिकों को कारपोरेशन स्तर पर पुरस्कृत व सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया है ।

इस सम्बन्ध आपसे अनुरोध है कि कृपया कारपोरेशन के कर्मठ व निष्ठावान कार्मिकों को कारपोरेशन स्तर पर पुरस्कृत व सम्मानित किए जाने हेतु आप अपने अधीनस्थ समस्त इकाईयों में कार्यरत अधिकारियों/अधिकारिकों के नामांकन (अधिकतम 04 नाम प्रत्येक वितरण क्षेत्र से) एवं उनकी विशिष्ट उपलब्धियों/कार्यों के विवरण अपनी स्पष्ट संस्तुति सहित सक्षम स्तर पर विचार हेतु निम्नलिखित प्रारूप में भरकर हार्ड एवं साफ्ट प्रति (ई–मेल आई0डी0 edhr@upcl.org) विलम्बतः दिनांक 04.08.2025 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अवश्यमेव उपलब्ध कराने का कष्ट करें । निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त नामांकनों पर विचार नहीं किया जाएगा :

| क्र0सं0 | कार्यालय का नाम | नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर | तैनाती स्थल | उपलब्धियॉ/सेवायें |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

उपर्युक्त के अतिरिक्त यह भी अवगतनीय है कि प्रत्येक वर्ष स्त्रतंत्रता दिवस जैसे महत्वपूर्ण सुअवसर पर कार्मिकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से नामांकन प्राप्त किये जाते हैं । किन्तु यह देखा गया है कि कई बार एक ही कार्मिक के नाम को बार–बार प्रस्तावित किया जाता है या केवल नामांकन प्रेषण की औपचारिकता को पूर्ण करने के उद्देश्य से ही नामांकन प्रेषित किये जाते हैं, न कि उनके वास्तविक कार्य प्रदर्शन के आधार पर । इसके अतिरिक्त यह भी देखा गया है कि किसी एक ही मण्डल/खंड/उपखंड से बडी संख्या में कार्मिकों को नामांकित किया जाता है जिससे इस समारोह के आयोजन का मूल उद्देश्य एवं प्राथमिक लक्ष्य प्रभावित होता है ।. अतः अपेक्षा की जाती है कि कृपया ऐसे कार्मिकों के नाम ही प्रस्तावित किये जाएं जिन्होने वास्तव में अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया हो ताकि इस कार्यक्रम की गरिमा बनी रहे एवं योग्य कार्मिकों को उचित प्रोत्साहन मिल सके ।

(डॉ0 आर0 जे0 मलिक)
अधिशासी निदेशक (मा0सं0)

पत्रांक–3528 /अधि0निदे0(मा0सं0)/उपाकालि/EDO/तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. स्टाफ ऑफिसर–1, प्रबन्ध निदेशक को प्रबन्ध निदेशक, महोदय, उपाकालि के संज्ञानार्थ।
2. अधीक्षण अभियन्ता (मा0सं0), उपाकालि, वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
3. अधिशासी अभियन्ता (का0मे0), उपाकालि, वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
4. अधिशासी अभियन्ता (सू0 प्रौ0), उपाकालि, वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।

(डॉ0 आर0 जे0 मलिक)
अधिशासी निदेशक (मा0सं0)

"विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन", कांवली रोड, देहरादून–248001, दूरभाषः 0135–2763901 फैक्सः 91–135–2769771
"Victoria Cross Vijeta Gabar Singh Urja Bhawan", Kanwali Road, Dehradun-248001 Tel. 0135-2763901 Fax: 91-135 -2769771